# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाज़ीपुर

**Year 2021-22**

## ग्रामीण महिलाओं के लिए उद्यमिता के अवसर

आज दिनांक 23 मार्च 2022 को राजकीय महिला पीजी कॉलेज गाजीपुर के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं के लिए उद्यमिता के अवसर विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कालेज के प्राचार्य डॉक्टर सविता भारद्वाज ने कहा कि महिला सशक्ति के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है इसके लिए सरकार द्वारा अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि महिलाएं घरों में ही अपने कौशल से उत्पाद तैयार कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज गाजीपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ श्रीकांत पांडे ने कहा कि मानव सभ्यता के उद्भव और विकास में स्त्री-पुरुष दोनों का समान योगदान रहा है। भारतीय महिलाएं स्वभाव से ही उद्यमी रही हैं किंतु उनके घरेलू कार्य एवं प्रबंधन के लिए कोई वेतन नहीं दिया जाता है। महिला उद्यमिता लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों और अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार इस दिशा में महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम का संचालन और अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ हरेंद्र यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ पीयूष सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अध्यापकों के साथ बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे | इस संगोष्ठी में 37 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।